[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 11 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 232, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**{अनमोल वचन}**

दीपक के प्रकाश की तरह अच्छे काम की ख्याति भी चारों और फैलती है।

राजस्थान पुलिस का बड़ा ... 02

04 भैंस चोरी गिरोह का ...

## खबर संक्षेप

**निमाड़ को बड़ी सौगात**

### एनएच-347बी के उन्नयन के लिए केंद्र ने मंजूर किए 4,415.60 करोड़ रुपये

**इंदौर @ पदमावत मीडिया।** केंद्र सरकार ने निमाड़ अंचल के सड़क नेटवर्क को



मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-347बी के दो प्रमुख खंडों के उन्नयन के लिए 4,415.60 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की स्वीकृति के बाद 233 किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़क का उन्नयन किया जाएगा। परियोजना के तहत हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड की 125.01 किलोमीटर सड़क को पक्की शोल्डर युक्त टू-लेन मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा, जबकि देशगांव-जुलवानिया खंड की 108.643 किलोमीटर सड़क को फोर-लेन में उन्नत किया जाएगा। इस परियोजना से बेतूल, खंडवा, खरगोन और बड़वानी जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन से यातायात दबाव कम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेगा। परियोजना का प्रमुख आकर्षण खरगोन जिले में प्रस्तावित 16.20 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड बाईपास है। इसके निर्माण से भारी वाहनों की शहर के भीतर आवाजाही कम होगी, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और यात्रा समय घटेगा। जनजातीय कार्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. विजय कुंवर शाह ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना निमाड़ क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति देगी। बेहतर सड़क संपर्क से व्यापार, उद्योग और कृषि क्षेत्र को विशेष लाभ मिलेगा तथा निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अधिकारियों के अनुसार परियोजना के तहत तकनीकी एवं वित्तीय प्रक्रियाओं, भूमि अधिग्रहण और आवश्यक स्वीकृतियों की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी। हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र का परिवहन ढांचा और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनेगा।

### सुबह-सुबह देवालय पहुंचे कलेक्टर सहित सभी एसडीएम-तहसीलदार

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार सुबह जिलेभर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित



किए गए। कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा सहित सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों ने अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। जिला मुख्यालय पर राजनगर स्थित प्रभु श्री चारभुजानाथजी मंदिर में कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर एडीएम नरेश बुनकर, तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह कितावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे। कलेक्टर हसीजा ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ जनमानस में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं।

### अटल जन सेवा शिविर एवं ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आज

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आज अटल जन सेवा शिविर एवं ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




नई दिल्ली/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4,399 दिनों तक राष्ट्रसेवा कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ा गया है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, अथक परिश्रम, मजबूत इच्छाशक्ति तथा 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने के संकल्प को समर्पित रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। किसान कल्याण, नारी शक्ति वंदन, युवा सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे अभियानों ने देश में विकास की नई धारा प्रवाहित की है। यही कारण है कि आज देशभर में मोदी है तो मुमकिन है की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान को भी अनेक ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, जयपुर मेट्रो फेज-2, माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना, रिफाइनरी परियोजना तथा दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर जैसे महत्वपूर्ण प्रकल्प प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान कर रहे हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राजस्थान देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की कई ऐतिहासिक जनकल्याणकारी पहल राजस्थान की धरती से प्रारंभ हुई हैं। झुंझुनूं से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का राष्ट्रीय विस्तार, पोषण अभियान की शुरूआत तथा अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री का राजस्थान से विशेष जुड़ाव रहा है। उनके मार्गदर्शन में राजस्थान विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। देश आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल क्रांति तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ने देश को नई शक्ति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दृढ़ नेतृत्व में भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता का परिचय पूरी दुनिया को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अब हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास और सामर्थ्य के साथ करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी साक्षी बना है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक तथा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व जैसे ऐतिहासिक कार्यों ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को नई पहचान प्रदान की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर सफल नेतृत्व की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर और अधिक तेजी से अग्रसर होगा तथा विश्व पटल पर नए गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मोती डूंगरी स्थित गणेश जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली तथा प्रधानमंत्री के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, जनकल्याण, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक



उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्णयों और योजनाओं से देश में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया और उनसे आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं को अधिकारों और योजनाओं की दी जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** महिलाओं के नेतृत्व, निर्णय क्षमता एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को जयपुर जिले में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं कल्याणकारी सेवाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, जयपुर में किया गया, जहां चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला केंद्रित योजनाओं एवं सेवाओं पर विस्तृत संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम, साइबर सुरक्षा, एनीमिया नियंत्रण,



लिंगानुपात सुधार तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। महिलाओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सूचना आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही महिला संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों, महिला हेल्पलाइन सेवाओं तथा विभिन्न सहायता केंद्रों की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में जिला स्तर पर 310 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि जिले के विभिन्न ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में 1,622 से अधिक महिलाओं एवं नागरिकों की सहभागिता दर्ज की गई। इस दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर उन्हें योजना से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज के प्रत्येक क्षेत्र में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाना रहा। उपस्थित महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सरकारी योजनाओं के लाभ एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (तृतीय) देवयानी, उपनिदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं पार्थवी, महिला अधिकारिता विभाग के डॉ. राजेश डोगीवाल, इनाया फाउंडेशन की कार्यकारी अध्यक्ष नितिशा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर में पंजीकरण को लेकर श्रावकों में उत्साह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, धर्म प्रभावना समिति व महासमिति द्वारा 14 से 21 जून तक उदयपुर के 14 मंदिरों में लगने वाले सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर में पंजीकरण का काम उत्साह से चल रहा है। प्रत्येक जिनालय में बच्चें व बुजुर्ग बालबोध, भक्तामर, छहढाला, इष्टोपदेश, प्रश्नोत्तर रत्नमालिका, रत्नकण्ड श्रावकाचार, सर्वार्थ सिद्धि, आलाप पद्धति आदि ग्रंथों के शिक्षण में रुचि दिखा रहे हैं।

अध्यक्ष कुंथुकुमार जैन ने बताया कि लेखन व समस्त ग्रंथ व अन्य पठन सामग्री शिविर स्थलों पर पहुंचाई जा रही है। सचिव शशिकांत शाह ने कहा कि शिविर में धार्मिक कक्षाएं प्रातः7 से 10 तथा सायं 7.30 से 10.30 बजे तक चलेगी। पं अंकित शास्त्री ने बताया कि शिक्षण हेतु विद्वानों को आमंत्रित कर दिया गया है। 30 से अधिक विद्वान शिविर में कक्षाओं को संभालेंगे। इन विद्वानों द्वारा नैतिक शिक्षा व संस्कार निर्माण पर भी वार्ताएँ होगी। प्रचार मंत्री विकास गदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जो व्यक्ति शिविर में भाग लेना चाहते हैं वे अपना आवेदन संबंधित मंदिर से प्राप्त कर वहीं जमा कराएंगे। संयोजक समन्वयक महेन्द्र टाया, जिनेन्द्र गांगावत , कैलाश गंगवाल, राजेश वैद, राजेश टायी,माणक लुहाडिया, डा एस के लुहाडि, सुमति प्रकाश वालावत, पं अंशुल शास्त्री, पं भुवनेश शास्त्री, राजेन्द्र अखावत, प्रकाश अखावत आदि पदाधिकारी विभिन्न व्यवस्थाओं को अंजाम दे रहें हैं।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में एनसीसी शिविर का समापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) कम प्री-थल सैनिक कैंप का समापन हुआ। 2 जून से 11 जून तक चले इस शिविर में कोटा समूह के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 600 कैडेट्स ने भाग लिया।

शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, हथियार प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास, आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया। पहली बार कमांडो प्रशिक्षण भी शामिल किया गया, जिसमें आत्मरक्षा, बाधा दौड़ एवं सामरिक गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान रक्तदान शिविर एवं योग प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया। साथ ही आगामी थल सैनिक कैंप के लिए चयनित कैडेट्स को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कुलपति प्रो. निमित चौधरी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया।

शिविर का संचालन 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी.एस. सामंत के मार्गदर्शन में किया गया।

## वात्सल्य शिरोमणि दादी माँ रतनबाईजी के 85वें जन्मोत्सव पर जीवंत जीवन गौरव महा महोत्सव सम्पन्न







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**झाड़ोल।** वात्सल्य शिरोमणि श्रद्धेय रतनबाईजी, धर्मपत्नी स्वर्गीय रंगलाल पटवारी झगड़ावत के 85वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर उनके परिवारजनों द्वारा भव्य जीवंत जीवन गौरव महा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वर्गीय रंगलाल पटवारी साहेब, स्वर्गीय ईश्वरलालजी, स्वर्गीय निर्मलाबाई एवं स्वर्गीय हरीश कुमार झगड़ावत का पुण्य स्मरण किया गया। कार्यक्रम कांता देवी, पौत्र राहुल कुमार-हिना देवी, कपिल कुमार-हेमा देवी एवं रवि कुमार झगड़ावत की विशेष सहभागिता में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी उदयपुर के मुख्य संयोजक प्रमोद सामर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सकल दिगम्बर जैन त्रिवेणी संगम समाज झाड़ोल के अध्यक्ष केशूलाल मालवी, देहात चित्तौड़ा जैन समाज अध्यक्ष राजेश परतियोत उपस्थित रहे। वहीं सम्मानित अतिथि धनराज सकावत की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

इस पावन अवसर पर श्री मल्लिनाथ स्वामी जिनालय, झाड़ोल में रजत कलश अर्पित किया गया। तत्पश्चात समाज के पंचों एवं गणमान्यजनों द्वारा श्रद्धेय रतनबाईजी का बहुमान करते हुए उन्हें जीवंत जीवन गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सर्वाधिक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी क्षण तब आया जब ममता, त्याग, सेवा एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति पूज्यनीय मातोश्री रतनबाईजी को उनके अग्रज जमाई राजमल-लीलादेवी पेमावत, राजमल-कांता देवी करमावत, गिरीश कुमार-सुशीला देवी पटवा तथा हितेश-बरखा देवी अदवासीया द्वारा जीवन गौरव स्वर्ण वात्सल्य सम्मान अलंकरण-पत्र समर्पित किया गया। इस भावुक क्षण ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत तीर्थराज सम्मेद शिखर की महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन रतनबाईजी की चिरकालीन अभिलाषा एवं मनोकामना को साकार करने वाला प्रेरणादायी अवसर बना।

समारोह में चितौड़ा समाज के 15 गांवों के प्रमुख सेठ, समाजबंधु, पंच, गणमान्यजन एवं शुभचिंतकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी उपस्थित महानुभावों ने रतनबाईजी के स्वस्थ, सुखमय एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए आयोजन को मातृभक्ति, सेवा, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों का अनुपम उदाहरण बताया। यह जानकारी संजय चिबोडिया ने दी है।

## जयपुर में 12 जून को प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, राजस्थान की ओर से 12 जून को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में प्राकृतिक खेती, गौ आधारित कृषि, जैविक संसाधनों के उपयोग तथा खेती की लागत कम करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। किसानों को मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने एवं कम लागत में लाभकारी खेती के उपायों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ तथा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर किसानों को संबोधित करेंगे।



## खबर संक्षेप

**साइबर पुलिस थाना की बड़ी कार्रवाई:**

### पांच हजार रुपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के साइबर पुलिस थाना ने साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान म्युल हंटर के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए, पांच हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान प्रकोष्ठ माधुरी वर्मा के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना प्रतापनगर के प्रकरण संख्या 535/2025 धारा 316(2), 318(4), 338, 336(3), 240(2) एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी अभियुक्त ध्रुव पुत्र जितेन्द्र निवासी सर्वऋतु विलास, पुलिस थाना सूरजपोल, जिला उदयपुर को 9 जून 2026 को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त साइबर अपराध से जुड़े इस प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अभियुक्त ध्रुव उक्त प्रकरण के अतिरिक्त साइबर पुलिस थाना उदयपुर के कई अन्य मामलों में भी वांछित है। इनमें प्रकरण संख्या 20/2026, 21/2026, 24/2026, 27/2026 एवं 28/2026 शामिल हैं, जो धारा 316(2), 318(4) तथा 61(2) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया है तथा उससे साइबर अपराधों में उसकी भूमिका और अन्य संभावित सहयोगियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी:** ध्रुव पुत्र जितेन्द्र निवासी सर्वऋतु विलास, पुलिस थाना सूरजपोल, जिला उदयपुर। इस कार्रवाई में पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी, पुलिस निरीक्षक सुखदेव सिंह तथा हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह और रूद्रप्रताप सिंह शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को मिलेगा 10 हजार प्रोत्साहन

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की समय पर सहायता करने वाले गुड समेरिटन को मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षक योजना के तहत ?10 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर के दौरान शीघ्र अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाना है। अब तक राज्य में करीब 340 लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। विभाग ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी करते हुए आमजन से दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

### सरणी नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए कलेक्टर के निर्देश

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने सरणी नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। आदेशानुसार नदी में किसी भी प्रकार का कचरा, प्लास्टिक, ठोस अथवा तरल अपशिष्ट डालना प्रतिबंधित रहेगा। स्थानीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों को नियमित निगरानी रखने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि नदी को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फादर्स डे पर होगा प्रेम और सम्मान का अनूठा उत्सव

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पिता और संतान के रिश्ते को समर्पित फादर्स डे विशेष आयोजन लव यू पापा - सीजन 2 को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। मिताली इवेंट्स द्वारा आयोजित किए जा रहे इस अनूठे कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योगपतियों एवं समाजसेवियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन अनुष्का अकादमी के निदेशक श्री राजीव सुराणा, अरुणोदय इम्पैक्स के निदेशक श्री पुष्पेंद्र परमार, बीसीआई के संस्थापक एवं अशोका ग्रीन के निदेशक श्री मुकेश माधवानी तथा रेडिसन होटल के निदेशक श्री हरवंश योगीराज मल्ला द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे परिवारों को जोड़ने वाला एक सकारात्मक एवं भावनात्मक अभियान बताया। इस अवसर पर डॉ. बलदीप शर्मा, श्री जितेंद्र जैन, श्री अमित पोरवाल, श्रीमती प्रज्ञा जैन एवं श्रीमती नीतू बाबेल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# राजस्थान पुलिस का बड़ा प्रहार: ट्रैफिक स्ट्राइक अभियान में 50 हजार से अधिक वाहनों पर कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश में संचालित प्रदेशव्यापी ट्रैफिक स्ट्राइक अभियान के तहत मात्र छह दिनों में 50 हजार 174 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान अवैध ब्लैक फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, अनधिकृत लेखन, वाहन मॉडिफिकेशन, हूटर, फ्लैशर एवं प्रेशर हॉर्न लगाने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात) डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में 4 जून से शुरू हुए इस विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान के तहत अब तक सबसे अधिक कार्रवाई वाहनों के शीशों पर अवैध रूप से लगाई गई ब्लैक फिल्म के खिलाफ की गई है।

उन्होंने बताया कि छह दिनों में 19 हजार 694 वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाकर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा 13 हजार 46 वाहनों पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिन्ह पाए जाने पर चालान किए गए। वहीं 6 हजार 791 वाहनों पर



अनाधिकृत शब्द, पदनाम, जाति सूचक चिन्ह, प्रतीक एवं अन्य लेखन पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान 4 हजार 757 वाहनों में अवैध बॉडी एवं चेसिस मॉडिफिकेशन पाए गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 3 हजार 244 वाहनों पर अवैध लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर का उपयोग पाया गया, जबकि 2 हजार 642 वाहन चालक प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न का उपयोग करते पाए गए, जिन पर भी जुर्माना लगाया गया।

#### छठे दिन बना नया रिकॉर्ड

अभियान के छठे दिन राजस्थान पुलिस ने सबसे अधिक 10 हजार 825 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान 4 हजार 220 वाहनों से ब्लैक फिल्म



हटाई गई, जबकि 2 हजार 449 वाहनों पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट पाई गई। इसके अलावा 1 हजार 784 वाहनों पर अनाधिकृत लेखन मिलने पर कार्रवाई की गई।

इसी दिन 763 वाहनों पर अवैध लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर तथा 571 वाहनों पर प्रेशर एवं एयर हॉर्न के उपयोग को लेकर कार्रवाई की गई।

#### छह दिनों की कार्रवाई का आंकड़ा

4 जून - 4,716 वाहन
5 जून - 7,300 वाहन
6 जून - 9,362 वाहन
7 जून - 9,523 वाहन
8 जून - 8,448 वाहन
9 जून - 10,825 वाहन



सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता के साथ सख्ती

डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि राजस्थान पुलिस सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पहले समझाइश, फिर सख्ती की नीति पर कार्य कर रही है। अभियान के दौरान जहां नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। राजस्थान पुलिस ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों की पालना करने, अनधिकृत उपकरणों का उपयोग नहीं करने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन करने की अपील की है।

# ऑपरेशन जमुहार में ANTF की बड़ी कार्रवाई, 4.50 करोड़ रुपये की अफीम जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 4.50 करोड़ रुपये मूल्य की 88.970 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में तथा एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में संचालित विशेष अभियान के तहत हरियाणा के सिरसा जिले में यह कार्रवाई की गई। मामले में पाली जिले के शिवपुरा निवासी किशनाराम बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य सूत्रधार सुखराम बिश्नोई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि मणिपुर से उत्तर भारत के रास्ते राजस्थान में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की खेप पहुंचाई जा रही है। इस सूचना पर एएनटीएफ की विशेष टीमों ने करीब दो माह तक लगातार तकनीकी निगरानी और खुफिया अनुसंधान किया। जांच के दौरान पाली निवासी सुखराम बिश्नोई की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, जो लगातार मणिपुर और राजस्थान के बीच आवागमन कर रहा था। पुलिस टीमों ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए पूरे नेटवर्क की कड़ियां



जोड़ने में सफलता हासिल की। जांच के दौरान जयपुर के निकट सुखराम को हिरासत में लिया गया, लेकिन उसके कब्जे से कोई मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बाद एएनटीएफ की तकनीकी टीम ने उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विश्लेषण किया, जिसमें एक संदिग्ध ट्रक के फास्टैग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जांच में सामने आया कि उक्त ट्रक मणिपुर से असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश होते हुए हरियाणा पहुंच चुका था। सूचना के आधार पर एएनटीएफ की टीमें हरियाणा के सिरसा जिले पहुंचीं और स्थानीय पुलिस के सहयोग से ट्रक को चिन्हित कर घेराबंदी की। प्रारंभिक जांच में ट्रक खाली दिखाई दिया, लेकिन पुलिस को संदेह होने पर उसकी गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान ट्रक की चेसिस के नीचे लोहे की प्लेटों और वेल्डिंग से तैयार किया गया एक गुप्त तहखाना मिला। जब उसे काटकर खोला गया तो उसके भीतर छिपाकर रखी गई 95 पोटलियों से 88.970 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4.50 करोड़ रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से किशनाराम बिश्नोई पुत्र छोगाराम निवासी शिवपुरा, जिला पाली को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मुख्य सूत्रधार सुखराम बिश्नोई सहित अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एएनटीएफ के अनुसार यह कार्रवाई हाल के वर्षों में नशा तस्करों के खिलाफ की गई सबसे बड़ी और प्रभावी कार्रवाइयों में से एक है। महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि राजस्थान को नशामुक्त बनाने के लिए एएनटीएफ लगातार अभियान चला रही है और भविष्य में भी नशे के कारोबार से जुड़े अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करी अथवा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना एएनटीएफ को उपलब्ध कराएं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## जनगणना मकान सूचिकरण के साथ जमीनी हकीकत का भी लिया जायजा





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** जिले में आगामी जनगणना कार्य को सफल एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में चार्ज जनगणना अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा एवं चार्ज लिपिक ऋषभ जैन ने मेवल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का दौरा कर जनगणना के तहत चल रहे मकान सूचिकरण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ईडाणा, मैथुरी तथा भैंसों का नामला क्षेत्र में पहुंचकर मकान सूचिकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जनगणना प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि प्रत्येक परिवार एवं मकान का सही विवरण दर्ज हो सके। दौरे के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में उपलब्ध पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अवगत कराने की बात कही। चार्ज जनगणना अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर सूचनाओं का सावधानीपूर्वक संकलन करें।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मोती डूंगरी स्थित गणेश जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली तथा प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, जनकल्याण, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्णयों और योजनाओं से देश में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया और उनसे आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की तैयारियों की जिला कलेक्टर ने की समीक्षा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के सफल संचालन एवं आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, तहसीलदारों, पंचायत समिति स्तरीय अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। बैठक में जिला कलेक्टर ने 12 जून से प्रारंभ होने वाले ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अधिकारी सेवा भाव, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं निर्धारित शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में सभी विभागों की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिविरों में प्राप्त होने वाली समस्याओं का अधिकतम निस्तारण मौके पर ही किया जाए तथा लंबित प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के साथ हल किया जाए।

बैठक में राजस्व विभाग के नामांतरण, सीमाज्ञान, भूमि आवंटन, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। वहीं पंचायतीराज विभाग को स्वच्छता, पट्टा वितरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य पंचायत स्तरीय सेवाओं की तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए।

ग्रामीण विकास विभाग को प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, कृषि विभाग को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि यंत्रों एवं सिंचाई योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों के चयन तथा जनजागरूकता गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति, हैंडपंप मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज एवं जल गुणवत्ता परीक्षण को प्राथमिकता देने के निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को महिला सुरक्षा, पोषण एवं बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य जांच शिविरों, आयुष्मान भारत योजना तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में ऊर्जा विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में विभागीय योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्राप्ति, स्वीकृति एवं शिकायत निवारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को शिविर स्थलों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।



#### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा

बैठक में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी एवं निजी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पर्यटन स्थलों, अमृत सरोवरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि योग दिवस कार्यक्रमों में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही योग संगम पोर्टल पर अधिकाधिक पंजीकरण कराने, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने जिलेवासियों से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं बेहतर जीवनशैली का आधार है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पर्क पोर्टल, योग दिवस, एनएफएसए एवं जनगणना की समीक्षा बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने मंगलवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर सम्पर्क पोर्टल, एनएफएसए, आरएनएमएस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं जनगणना कार्यों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित सभी विभागों जैसे- नगर परिषद, आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, जलदाय, विद्युत, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन आदि के अधिकारी वीसी कक्ष में मौजूद रहे। वहीं समस्त उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुड़े।

बैठक में उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत चल रहे सत्यापन कार्य, आरएनएमएस पोर्टल पर दर्ज समाचारों तथा जनगणना संबंधी तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने



विभिन्न स्तरों पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन द्वारा दर्ज शिकायतों का संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ परीक्षण करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित नहीं रहें तथा प्रत्येक अधिकारी अपने स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था करें। एनएफएसए सत्यापन कार्य की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए तथा सत्यापन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए।

बैठक में आरएनएमएस पोर्टल पर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों की विभागवार समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि समाचारों में उठाए गए जनहित के मुद्दों पर संबंधित विभाग तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों में त्वरित राहत प्रदान करने तथा किए गए निस्तारण की सूचना समय पर पोर्टल पर अद्यतन करना सुनिश्चित किया जाए।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत जिले में जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, पर्यटन स्थल, राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा गैर सरकारी संस्थानों में आयोजित होने वाले सभी योग कार्यक्रमों का पंजीयन भारत सरकार के योग संगम पोर्टल पर 15 जून तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक संस्थाओं एवं स्थलों का पंजीयन करवाने तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि योग दिवस के मुख्य आयोजन के उपरांत सभी आयोजक संस्थाओं द्वारा योग संगम पोर्टल पर प्रतिभागियों की संख्या एवं कार्यक्रम की फोटोग्राफ समयबद्ध रूप से अपलोड की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पोस्ट-इवेंट रिपोर्टिंग में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए, ताकि जिले की उपलब्धियों का सही प्रतिवेदन भारत सरकार को प्रेषित हो सके तथा आयोजक संस्थाओं को आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्राप्त हो सकें। उन्होंने सभी विभागों से योग दिवस को जनभागीदारी का अभियान बनाते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

जनगणना से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं तथा आवश्यक प्रशिक्षण, संसाधनों एवं समन्वय संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को क्षेत्रीय स्तर पर नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी तथा संबंधित कार्मिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, गौसेवा के लिए समर्पित होगा आयोजन

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर मुंबई में भव्य एवं दिव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन राजस्थान के उदयपुर जिले स्थित रामकाज



गौशाला, घणोली के सहयोग से गौसेवा एवं लोककल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करने का संकल्प लिया गया है। आयोजक समिति के सदस्य हेमेन्द्र सिंह दवाणा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 10 जून से 16 जून तक मुंबई के सांताक्रूज (पूर्व) स्थित प्रभात कॉलोनी में योगा इंस्टीट्यूट के पीछे स्थित श्री पेजावर मठ (मुंबई शाखा) में किया जाएगा।

के दौरान परम पूज्य गुरुदेव श्री अनुज जी महाराज के श्रीमुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि गौसेवा, संस्कार संरक्षण एवं समाज में आध्यात्मिक जागरण का एक महत्वपूर्ण अभियान भी है।

आयोजन का मूल उद्देश्य गौमाता की सेवा के प्रति जनमानस को जागरूक करना तथा समाज में सेवा, करुणा एवं धर्म के मूल्यों को सुदृढ़ करना है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने तथा गौसेवा के इस पुनीत अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। आयोजन का प्रमुख संदेश है कि गौसेवा ही सच्ची नारायण सेवा है।

जो श्रद्धालु किसी कारणवश कथा स्थल पर उपस्थित नहीं हो पाएंगे, उनके लिए संपूर्ण कथा का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया जाएगा, जिससे देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु भी कथा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आयोजन की व्यवस्थाओं में मुंबई के सांताक्रूज क्षेत्र के अग्रणी समाजसेवी जयेश भाई गिशु लाल माली, अर्जुन सिंह सोलंकी, ममता बेन माली, निर्मला कुँवर सलोदा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकताओं तथा मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है।

आयोजकों ने बताया कि कथा के माध्यम से प्राप्त सहयोग राशि गौसेवा एवं गौशाला संचालन जैसे लोकहितकारी कार्यों में उपयोग की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए श्रद्धालु मोबाइल नंबर 9376725151 पर संपर्क कर सकते हैं। यह आयोजन धर्म, संस्कृति, सेवा और गौसंवर्धन के संगम के रूप में श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अवसर साबित होगा।

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नवा महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को नवा महादेव परिसर स्थित महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का




आयोजन किया गया। इस दौरान देश एवं प्रदेश की उन्नति तथा प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम में निवर्तमान सभापति अमृतलाल कलासुआ, पूर्व सभापति गुरु प्रसाद पटेल, कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, समाजसेवी हंसमुख पंड्या, नरेश यादव एवं अचला वसीटा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त प्रकाश डूडी, तहसीलदार कमलेश मीणा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहन खराड़ी, सहायक अभियंता भक्तेश पाटीदार, सहायक लेखाधिकारी कुलदीप सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## पुरूषोत्तम मास में धार्मिक यात्रा गुरुवार से प्रारंभ होकर सुंधा माता के दर्शन करेंगे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल ।** पुरूषोत्तम मास में धार्मिक यात्रा गुरुवार से प्रारंभ होकर चामुण्डा माता के दर्शन वंदन करेंगे। पुरूषोत्तम मास में स्थानीय वाराहश्याम मंदिर से चामुंडा माता सुन्धा पर्वत पैदल यात्रा की जायेगी। वाराहश्याम मंदिर व्यास पीठ के आचार्य पं प्यारेलाल राज व्यास के सान्निध्य में वाराहश्याम मंदिर से सातवीं सुन्धा पर्वत पैदल यात्रा गुरुवार को वाराहश्याम मंदिर से मध्यान्ह 3:30 बजे प्रस्थान करेगी। इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर सुख-समृद्धि मंगल कामना के लिये पूजा-अर्चना करेंगे । आचार्य व्यास ने बताया कि यात्रा वाराहश्याम मंदिर से गुरुवार मध्यान्ह 3 : 30 बजे प्रस्थान कर भंडारी स्ट्रीट, पीपली चौक, माघ चौक, महावीर चौराहा, एल एम बी चौराहा, जसवंतपुरा फाटक से सिद्धेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करके सप्तमाता की पाल, नवदुर्गा माता दर्शन कर सप्तमातृका सरोवर पर पथांवाडी कोटागोर पूजन पाराश्वर महादेव मंदिर



दर्शन करके गजीपुरा धुधलेश्वर महादेव के दर्शन कर गजीपुरा मठ के मठाधीश प्रेमभारती का आशीर्वाद प्राप्त करेगी।? कारलु गांव में होकर बोटेश्वर महादेव मंदिर रात्रि जागरण विश्राम करेंगी। दूसरे दिन शुक्रवार को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में 4 : 30 बजे यात्रा प्रारंभ होगी, जो नदी पर अधिक मास कृष्ण पक्ष द्वादशी विष्णु प्रबणी पर गंगा यमुना सरस्वती धरती माता पूजन कर- के आगे प्रस्थान कर यात्रा सुन्धा पर्वत पर पहुंचेगी । चामुंडा माता के दर्शन करके भजन कीर्तन करके यात्रा सम्पन्न होगी ।

## प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना को लेकर भीलवाड़ा में गूंजे वैदिक मंत्र

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा ।** प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना को लेकर बुधवार को भीलवाड़ा जिले में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। जिला प्रशासन के निदेशानुसार जिले के चयनित मंदिरों तथा समस्त उपखंड मुख्यालयों के प्रमुख मंदिरों में प्रातः 8 बजे एक साथ विशेष पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तर पर मुख्य आयोजन शहर के प्रतिष्ठित श्री हरणी महादेव मंदिर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एडीएम (सिटी) प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-



विधान से भगवान शिव का पूजन, अभिषेक एवं विशेष आरती कराई गई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रदेश में खुशहाली, सामाजिक सद्भाव, शांति, समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य और सर्वजन मंगल की कामना की।

जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सफल



संचालन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, जबकि सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों की निगरानी एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिला प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सामाजिक एकता एवं आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नीम गोरिया खेतलाजी में हुई विशेष पूजा-अर्चना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति के सदस्य मनोनीत होने पर रमेश सोनी पुनासा का नीमगोरिया क्षेत्रपाल ट्रस्ट एवं नीलकंठ ट्रस्ट द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज जनों ने साफा एवं माल्यार्पण कर उनका सम्मान करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पौराणिक जाखोब तालाब स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर एवं नीम गौरिया मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का



अभिषेक कर देश की सुख-समृद्धि, शांति, विकास एवं जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला कलक्टर पूजा सक्सेना, उपखंड अधिकारी मोहित कासनिया, तहसीलदार भीखदान चारण, आर आई सुन्दर बिश्नोई, शेखर व्यास, महेंद्र सोलंकी, किशोर सांखला, जयसिंह राव, भरतसिंह राव, जोरावरसिंह राव, विक्रमसिंह ईराणी, विकास सोलंकी, प्रेमाराम बंजारा, दिनेश दवे, पहाड़सिंह राव, वालाराम मोदी, दीपक एवं घनश्याम व्यास सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ट्रस्ट पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने रमेश सोनी के सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति में उनका मनोनयन क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती देगा। कार्यक्रम के अंत में महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## जिला समन्वयन समिति (डीसीसी)की बैठक संपन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। डाइट में मंगलवार को शिक्षा विभाग की बैठकों का मैराथन दौर चला जिसमें जिला समन्वयं समिति के अतिरिक्त चार अन्य बैठके संपन्न हुई।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर की प्रिंसिपल शीला काहाल्या के अनुसार मुख्य जिलाशिक्षाधिकारी प्रतिभा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वयन समिति (डीसीसी) की बैठक में उदयपुर एवं सलूंबर जिले के समस्त सीबीईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। डाइट की वार्षिक कार्य योजना 2026-27 में योजना एवं प्रबंधन प्रभाग की अनुमोदित गतिविधि के तहत आयोजित इस बैठक में प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी ने शिक्षा विभाग के समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों के बीच आपसी समन्वयन पर प्रकाश डाला ,वहीं प्रिंसिपल शीला काहाल्या ने प्रशिक्षण के लिए नए केआरपी के



पैनल बनाने, विद्यालयों में एबीएल किट व कार्य पुस्तिकाओं के उपयोग के साथ ही एफएलएन गतिविधियों के क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने बहु भाषायी शिक्षण एवं एफएलएस कार्य पर भी जानकारी साझा की साथ ही पीरामल फाउंडेशन द्वारा ए आई पर विद्यालयों के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई । सीडीईओ कार्यालय के सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल के अनुसार मंगलवार को ही डाइट में एन ई पी -2020 के टास्क 140 के तहत दूरस्थ पीईईओ के चिन्हीकरण के साथ-साथ ब्लॉक रिव्यू बैठक का आयोजन भी किया गया।

## जिला स्तरीय नारी चौपाल का सफल आयोजन, विभिन्न विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर ।** जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, सलूम्बर के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत समिति सभागार, सलूम्बर में जिला स्तरीय नारी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साथिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका से जुड़ी महिलाएं तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक भागीदारी बढ़ाना समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

जिला शिक्षा अधिकारी माया बजाड ने महिलाओं को शिक्षा के महत्व एवं उनके संवैधानिक और सामाजिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक राजेश शर्मा, पंचायत समिति सलूम्बर के अतिरिक्त विकास अधिकारी, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की प्रतिनिधि ममता जाखड़ भी



उपस्थित रहे। श्रीमती जाखड़ ने महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं पालनहार योजना की पात्रता एवं लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा लाड़ो प्रोत्साहन योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, सामूहिक विवाह अनुदान योजना सहित महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आईसीडीएस विभाग का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नितिन जैन ने टीकाकरण, एएनसी जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं पुलिस विभाग से एएसआई बहादुर लाल ने महिलाओं की सुरक्षा, महिला अधिकारों तथा पुलिस विभाग द्वारा



महिलाओं के हित में संचालित सेवाओं एवं प्रयासों की जानकारी दी।

कृषि विभाग के प्रतिनिधि देवी लाल ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं लाभकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।

इसके अतिरिक्त आजीविका ब्यूरो, बेसिक हेल्थ केयर सर्विसेज, किलकारी मोबाइल एकेडमी, गायत्री सेवा संस्थान सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा अपनी सेवाओं एवं गतिविधियों की जानकारी देकर महिलाओं को उपलब्ध सहायता संसाधनों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा लाड़ो प्रोत्साहन योजना की लाभार्थी बालिकाओं को बेबी किट



एवं चेक वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं से उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनने में सहायता मिली है।

नारी चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, संवाद एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना रहा

## खबर संक्षेप

### नवोदित संगीत कलाकार सम्मान समारोह एवं भारतीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता 16 जून को

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। गुलाब बाग आरएमवी रोड स्थित अबुर्दा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में 16 जून 2026 मंगलवार शाम 4 बजे नवोदित संगीत कलाकार सम्मान समारोह एवं टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन कवयित्री व्यंग्यकार कहानीकार एसोसिएट प्रोफेसर आकाशवाणी आकस्मिक उद्घोषिका



एवं रेडियो जॉकी डॉक्टर सरिता जैन के मुख्य अतिथि में किया जाएगा। इस अवसर पर मासिक संगीत गोष्ठी एवं परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 10 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि पुनः बढ़ाने के लिए संस्थान की ओर से प्रतिमाह विगत कई वर्षों से मासिक संगीत गोष्ठी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान में मासिक गोष्ठी के तहत छात्र-छात्राएं वायलिन तबला ढोलक हारमोनियम गिटार शास्त्रीय गायन गीत संगीत सुगम संगीत भजन की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर टैलेंट सर्च प्रतियोगिता के प्रतिभागी भी अपनी प्रस्तुति देंगे जिन्हें संस्थान की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने दी।

### नयाखेड़ा में विधिक जागरूकता शिविर

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण




उदयपुर ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में नालसा संवाद योजना के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल चैधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजे राहुल चैधरी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित नालसा संवाद योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन्हें इनका लाभ दिलाना है। विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता, एलएडीसी योजना, नालसा हेल्पलाइन 15100, साइबर हेल्पलाइन 1930, नालसा पोर्टल, बाल विवाह रोकथाम अभियान सहित विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गिर्वा के ब्लॉक विकास अधिकारी अजीत कुमार तथा स्थानीय उपसरपंच मोहन सिंह देवड़ा भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर कृष्णा वैष्णव, प्रेरणा अवचार एवं श्वेता चावत (असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल) ने भी उपस्थित ग्रामीणों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां प्रदान कीं।

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पूजा-अर्चना

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देवस्थान विभाग की ओर से झाड़ोल स्थित पंछेश्वर महादेव मंदिर में



बुधवार को विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम रखा गया। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं राष्ट्रसेवा के उनके संकल्पों की निरंतर सिद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण, सांस्कृतिक संरक्षण तथा धार्मिक आस्थाओं के सम्मान के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी भी दी गई।

# भैंस चोरी गिरोह का पदार्फाश, चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद, 55 भैंस चोरी की वारदातें कबूल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजसमंद । जिले के पुलिस थाना देवगढ़ ने भैंस चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने देवगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में 55 भैंस चोरी की वारदातों के साथ-साथ पानी की मोटर एवं अन्य चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद हेमंत कलाल के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक तथा पुलिस उप अधीक्षक भीम राकेश कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सोपरी बांध क्षेत्र से चोरी हुई भैंसों के मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के सीसीटीवी




फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान रमेश माली, किशनलाल माली एवं राहुल माली की पहचान कर उन्हें डिटेन किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने देवगढ़, सोपरी तालाब, गौशालाओं एवं खेतों से करीब 55 भैंस चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने यह भी बताया कि वे दिन में खेतों एवं जंगलों में रेकी करते थे तथा शाम और रात के समय वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी चोरी की गई भैंसों को पिकअप वाहन में भरकर सीधे स्लॉटर हाउस ले जाकर बेच देते थे। इसी आधार पर घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया गया तथा वाहन स्वामी भूपेन्द्र कुमार उर्फ बबलू को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपियों का तरीका बेहद शातिराना था। वे दिन में क्षेत्र की रेकी करते, अकेली चर रही भैंसों पर नजर रखते तथा रात के समय बाड़ों के ताले तोड़कर भैंसों को सुनसान स्थान पर एकत्रित करते थे। इसके बाद पिकअप वाहन में भरकर उसी रात उन्हें बेच देते थे, जिससे किसी को संदेह नहीं होता था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

मामले की शुरूआत 24 मई 2026 को हुई, जब रामपुरिया निवासी गोटू गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत से 9 भैंसें चोरी हो गई हैं, जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी। रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 186/2026 धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः रमेश पुत्र नेनाराम माली निवासी खादी भंडार देवगढ़, किशनलाल पुत्र राणाराम माली निवासी आंगणवा पीपली थाना सिरयारी जिला पाली हाल देवगढ़, राहुल पुत्र रोडीलाल माली निवासी देवगढ़ तथा भूपेन्द्र कुमार उर्फ बबलू पुत्र गोकुलराम सालवी निवासी पीपलीनगर थाना देवगढ़ जिला राजसमंद।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी मुकेश चौधरी, उप निरीक्षक भगवानलाल तथा हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार के साथ कांस्टेबल सुरेश कुमार, मोहित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार एवं आनंद कुमार शामिल थे।

# 12 जून से 15 जुलाई तक गांव-गली तक पहुंचेंगी जनकल्याणकारी योजनाएं

## 22 विभाग देंगे सेवाएं, मौके पर होगा समस्याओं का समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर-2026 आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व विभाग के साथ 21 अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी। ग्रामीण सेवा शिविर में अभियान का नोडल विभाग राजस्व विभाग तथा सहायक नोडल विभाग पंचायती राज विभाग रहेगा। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में उदयपुर जिला प्रशासन ने शिविरों के सफलतम आयोजन को लेकर तैयारियां कर ली हैं।

अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय अथवा चिन्हित स्थलों पर वार्डवार शिविर होंगे। शिविरों का समय सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का यथासंभव उसी दिन समाधान किया जाए। इसके लिए जिला कलक्टरों को अभियान की संपूर्ण तैयारी, मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर विभिन्न योजनाओं से जुड़े कार्यों का निस्तारण करेंगे। अभियान के तहत राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि, ऊर्जा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शिक्षा, पीएचईडी सहित 22 विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविरों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण के साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने, प्रमाण पत्र जारी करने, स्वास्थ्य जांच, बीमा, पेंशन, आवास, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित कार्य भी किए जाएंगे।

### शिविर स्थल पर मिलेंगी इन विभागों की सेवाएं

**राजस्व विभागः** नामांतरण, बंटवारा, रास्ते एवं सीमाज्ञान विवादों का निस्तारण, अतिक्रमण प्रकरणों का समाधान, भूमिहीन किसानों को भूमि आवंटन, जाति, मूल निवास एवं हैसियत प्रमाण पत्र जारी करना इत्यादि।

**ग्रामीण विकास विभागः** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभ वितरण, महात्मा गांधी नरेगा एवं वीबी जीरामजी योजना संबंधी कार्य, राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूह गठन एवं बैंक लिंकेज

**पंचायती राज विभागः** आईएचएचएल एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की स्वीकृतियां, ठोस कचरा प्रबंधन एवं पट्टा संबंधी कार्य, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभागः** गर्भवती महिलाओं की जांच एवं कैंसर स्क्रीनिंग, बच्चों का टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान गतिविधियां, ई-श्रम एवं स्वास्थ्य कार्ड वितरण

**पशुपालन विभागः** पशु स्वास्थ्य शिविर, पशुओं का टीकाकरण, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना संबंधी कार्य।

**ऊर्जा विभागः** बिजली, ट्रांसफॉर्मर एवं मीटर संबंधी शिकायतों का समाधान, बिल एवं लोड संबंधी प्रकरणों का निस्तारण करना।

**कृषि विभागः** कृषि योजनाओं की जानकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बीमा पॉलिसी वितरण

**आयोजना विभागः** जनधन, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन योजना में पंजीयन, जनआधार नामांकन एवं संशोधन

**रसद विभागः** एनएफएसए लंबित प्रकरणों का निस्तारण, नए पात्र परिवारों की आधार सीडिंग, ई-केवाईसी एवं एलपीजी आईडी मैपिंग

**सामाजिक न्यायः** सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना, यूडीआईडी कार्ड एवं कृत्रिम अंग सहायता

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के आवेदन निस्तारण

**महिला एवं बाल विकास विभागः** लाडो प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, पीएम मातृत्व वंदना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना

**जल संसाधनः** जलभराव क्षेत्रों की पहचान एवं निकासी योजना

**पीएचईडीः** हैंडपंप मरम्मत, पेयजल गुणवत्ता जांच

**वन विभागः** वन भूमि सीमांकन, पौध वितरण

**परिवहनः** रोडवेज पास जारी करना

**शिक्षा विभागः** नामांकन एवं छात्रवृत्ति संबंधी कार्य

**सैनिक कल्याणः** पूर्व सैनिकों के पेंशन एवं पहचान पत्र प्रकरण

**पीडब्ल्यूडीः** सड़कों एवं सरकारी भवनों की मरम्मत

**सहकारिताः** किसान ऋण एवं पीएम किसान लाभार्थी सत्यापन

## प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए महाकालेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश में खुशहाली, समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना को लेकर बुधवार को उदयपुर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक, पूजन एवं महाआरती कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और उत्तरोत्तर विकास की कामना की गई। कार्यक्रम में सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवल रमानी तथा जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना में भाग लिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदेश में खुशहाली, अच्छी वर्षा, समृद्धि तथा जनकल्याण के लिए भगवान



से प्रार्थना की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा, प्रशिक्षु आईएएस मणिमाला एन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर में आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम से भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयघोष के साथ प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास की कामना की।

# नारी चौपाल में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर








पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बुधवार को सहेलियों की बाड़ी स्थित एसआईईआरटी सभागार में नारी चैपाल एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं स्वयं सहायता समूहों की सखियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण एक अत्यंत प्रासंगिक विषय है, जिस पर समय-समय पर चर्चा और संवाद आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूक रहने, उनका अधिकाधिक लाभ उठाने तथा अन्य लोगों को भी इन योजनाओं के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सहभागिता के माध्यम से ही महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभों के बारे में विभागीय अधिकारियों तथा हितधारकों द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी, समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग के उपनिदेशक नंदलाल मेघवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## वृक्षारोपण के साथ महिलाओं को किया जागरूक, महिला अधिकारों एवं स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सायरा । महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र, नाई थाना क्षेत्र में जतन संस्थान के माध्यम से बुधवार को जागरूकता अभियान के तहत सायरा ब्लॉक की करदा पंचायत के किटोलिया सपार नदी क्षेत्र में मनरेगा कार्यस्थल पर कार्यरत महिलाओं के बीच जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता संगीता पालीवाल ने वृक्षारोपण करते हुए महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन एवं मानव जीवन के अस्तित्व के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना आवश्यक है। पेड़ हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) प्रदान करते हैं तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

जागरूकता सत्र के दौरान महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन योजना ह्यचुप्पी तोड़ो, खुलकर बात करोह्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिला अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर, नारी निकेतन तथा महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के



बारे में भी अवगत कराया गया। परामर्शदाता संगीता पालीवाल ने बताया कि महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र में आने वाले पारिवारिक मामलों में पति-पत्नी के बीच आपसी समझाइश एवं संवाद के माध्यम से विवादों का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ न्यायालय संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है।

गांव की महिलाओं के साथ आयोजित बैठक में उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, विभिन्न सरकारी सहायता योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की पारिवारिक, सामाजिक अथवा महिला उत्पीड़न से जुड़ी समस्या होने पर वे महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने जागरूकता गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के संदेश को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने व सरकारी योजनाओं के लक्ष्य पूर्ण करने पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मार्गदर्शी बैंक कार्यालय, उदयपुर की जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर दीपेंद्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले की जमा-अग्रिम के मूलभूत आकड़ों, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण उपलब्धि, साख-जमा अनुपात, कृषि ऋण एवं अन्य केंद्र/राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के ऋण आवेदनों की प्रगति की पर चर्चा एवं उपलब्धि की समीक्षा की गई। बैठक के आरंभ में अग्रणी जिला प्रबंधक संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि मार्च 2025 में कुल जमायें 48603 करोड़ रूपए थी जो मार्च 2026 में बढ़कर 53354 करोड़ रूपए हो गई है। इसी तरह जिले में कुल अग्रिम राशि मार्च 2025 में 37494 करोड़ से बढ़ कर मार्च 2026 में 42789 करोड़ हो गई है। श्री गुप्ता ने सदन को बताया कि वित्तवर्ष 2025-26 की मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में जिले का साख-जमा अनुपात 80.20 प्रतिशत रहा है।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नीरज यादव ने बैंको से कृषि क्षेत्र में प्रवाह बढ़ा कर 18 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का आग्रह किया। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना पर प्रस्तुति देते हुए पात्र परियोजनाओ को वित्त पोषित करने हेतु बैंको को प्रेरित किया। साथ ही प्री-पीएलपी पर चर्चा करते हुए बैंको एवं विभागों से समयबद्ध जानकारी उपलब्ध कराने अनुरोध किया। भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी राजीव चैधरी ने सभी बैंकों को साख जमा अनुपात में सुधार करने, कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिले में संचालित सभी बैंकों के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागीय अधिकारीगण, मार्गदर्शी बैंक से हेमराज सोनवाल एवं नवीन अत्रे आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।